प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- राज्य के शेखावाटी अंचल को अब जल्द ही यमुना का जल मिल सकेगा–इसके लिए राजस्थान और हरियाणा के अधिकारियों की ज्वॉइंट टास्क फोर्स बनाई जायेगी।
- वन मंत्री संजय शर्मा ने राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की बैठक की, कहा– सरकारी स्कूलों के बच्चों को टाइगर रिजर्व और संरक्षित वन क्षेत्रों का निःशुल्क भ्रमण कराया जायेगा।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आज से जयपुर में आयोजन।
- प्रदेश में रात के साथ दिन का पारा गिरा–गलन और ठिठुरन से जनजीवन प्रभावित।

..........................

राज्य के शेखावाटी अंचल के किसानों को अब जल्द ही यमुना का जल मिल सकेगा। यमुना जल समझौते को लेकर कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ चर्चा की। श्री शर्मा ने बताया कि इस समझौते पर काम करने के लिए राजस्थान और हरियाणा दोनों राज्यों के अधिकारियों की ज्वॉइंट टास्क फोर्स बनाई जायेगी, जो डीपीआर पर काम शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल समझौता दोनों राज्यों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।

..........................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा हरियाणा का अतिरिक्त पानी राजस्थान को मिले, यह एक सकारात्मक पहल है।

..........................

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों को वन विभाग की ओर से टाइगर रिजर्व और संरक्षित वन क्षेत्रों का निःशुल्क भ्रमण कराया जायेगा। इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में वन और वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना हैं। वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कल जयपुर में हुई राजस्थान बाघ संरक्षण फाउन्डेशन की बैठक के दौरान ये बात कही। श्री शर्मा ने अधिकारियों को रणथम्भौर, सरिस्का सहित अन्य टाइगर रिजर्व्स में पर्यटको की सुविधा के लिए फैसेलिटी सेंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने किलो, बुर्जो का नवीनीकरण करने और सनराइज तथा सनसेट पॉईन्ट बनाने को भी कहा। बैठक में बाघ परियोजनाओं के तहत आने वाले वन क्षेत्रों में अवैध खनन और शिकार के मामलों पर चर्चा की गई।

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक के लिए कल लंदन पहुंचे। लंदन पहुंचने पर उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर संग्रहालय में बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह संग्रहालय भारत के संविधान के निर्माता बाब साहेब के जीवन और विरासत के प्रति एक गहरी श्रद्धांजलि है। यहाँ पर तैयार की गई प्रदर्शनी उनके बहुमुखी व्यक्तित्व की झलक प्रदान करती है। श्री बिरला लंदन में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे यहां हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के स्पीकर से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा उनका ब्रिटेन में रह रहे भारतीय प्रवासियों से भी संवाद का कार्यक्रम है।

..........................

उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर बच्चों के लिए बाल चौपाल क्षेत्र बनाया गया है, जहां अभिभावको के साथ फ्लाईट के इंतजार के दौरान बच्चे खेलकर अपना वक्त बिता सकते है। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस तरह अनूठा प्रयोग करने वाला ये पहला एयरपोर्ट है।

..........................

राज्यस्तरीय युवा महोत्सव आज से जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। ये महोत्सव राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रखा गया है। 12 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम होंगे। महोत्सव की थीम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार रखी गई है।

..........................

बाड़मेर में आज से साहित्य उत्सव शुरू हो रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से हो रहे इस उत्सव में 14 जनवरी तक विभिन्न साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही साहित्य और कला को समर्पित इस उत्सव में लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी।

..........................

प्रदेश में सर्दी अपने पूरे तेवर दिखा रही है। कडाके की ठण्ड के साथ गलन और ठिठुरन से जनजीवन प्रभावित है। कई इलाकों में घना कोहरा छाये रहने से रेल और यातायात पर असर पडा है। कई रेलगाडियां निर्धारित समय से देरी से चल रही है। रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। चूरू और सवाईमाधोपुर में तेज ठण्ड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। पाली में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता काफी कम होने से वाहन चालको को परेशानी का समाना करना पड रहा है। जालोर में मवेशियों को ठण्ड से बचाने के लिए पशुपालक विभिन्न प्रयास कर रहे है। करौली में सर्द हवाओं से ठिठुरन महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 10 जनवरी से राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जयपुर, बीकानेर और भरतपुर संभाग में शीतलहर की संभावना हैं। वहीं अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट के आसार है।

..........................

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की पहली बैठक आज होगी। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान का एक सौ उनतीसवें संशोधन विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2024 नाम दिया गया है। विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के प्रतिनिधि प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों के बारे में सदस्यों को जानकारी देंगे। 39 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सदस्य हैं। समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

..........................